:प्रेस नोट- दिनांक 25-02-2021:-

विभिन्न थानाक्षेत्रों से 10 लीटर कच्ची शराब, 20 पब्बे देशी शराब व अवैध तमंचे सहित कुल 04 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बदायूं के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे आपरेशन डंका अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 25.02.2021 को थाना बिनावर पुलिस दवारा एक अभियुक्त हवले पुत्र रतनलाल निवासी सुभानपुर थाना बिनावर जनपद बदायूं को मय 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके संबंध में थाना बिनावर पर मु0अ0सं0 32/2021 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया। उक्त अभियान के अन्तर्गत ही थाना कोतवाली पुलिस द्वारा वाद सं0 283/19 से संबंधित जिलाबदर अभियुक्त मुस्लिम पुत्र इस्लाम निवासी गद्दी चौक थाना कोतवाली जनपद बदायूँ को पनवड़िया चौराहे से मय एक अदद चाकू नाजायज के गिरफ्तार किया गया । जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 85/2021 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया । फैजगंज बेहटा पुलिस द्वारा एक अभियुक्त लटूरी पुत्र राजाराम निवासी डरेला थाना फैजगंज बेहटा जनपद बदायू को मय एक नाजायज़ चाकू के गिरफ्तार किया गया । जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 37/2021 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय पेश किया गया । थाना फैजगंज बेहटा पुलिस द्वारा अभियुक्त 1. सत्तन पुत्र मुंशी नि0 खेडादास थाना फैजगंज बेहटा बदायूँ 2. शिव लाल पुत्र बेदराम निवासी खेड़ा दास थाना फैजगंज बेहटा जनपद बदायूं को मय 20 पब्वे देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर क्रमशः मु0अ0स0 35/2021, 36/2021 धारा 60 आबकारी अधि0 पंजीकृत किया गया ।

सोशल मीडिया सेल
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
जनपद बदायूं ।